

## रहाणे का मंत्रः मजबूत इरादे दिखाएं और ऐंगल का सही अनुमान लगाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। अंजिक्य रहाणे चाहते हैं कि उनके बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में तेज गेंदबाजों का मजबूत इरादों के साथ सामना करें और उस कोण से उठती गेंदों को समझे जो वेलिंगटन में पहले टेस्ट मैच में उनके लिए बुरा सपना बन गई थी।

रहाणे ने पहले टेस्ट की पहली पारी में सर्वाधिक 46 रन बनाए थे और उन्होंने उम्मीद जताई कि हेगली ओवल की पिच पर घास होने के बावजूद उनकी टीम वापसी करेगी। रहाणे ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हमें अधिक आक्रामक होना चाहिए लेकिन मजबूत इरादे और स्पष्ट मानसिकता से हमें मदद मिलेगी।' न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी और काइल जेमिसन ने क्रीज के कोण का इस्तेमाल करते हुए शार्ट पिच गेंदें की थी जिससे भारतीय बल्लेबाज नहीं समझ पाए थे। रहाणे ने कहा, 'मुझे लगता है कि वेलिंगटन में उन्होंने उस कोण का बहुत अच्छा इस्तेमाल किया। क्रीज के बाहरी कोण से यह बीच से गेंदबाजी करना।

# टी20 विश्व कप में भारत ने न्यूजीलैंड को 3 रनों से हराया

**क्रिकेट**

## जीत की हैट्रिक पूरी करने के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की तेजतर्रार पारी और गेंदबाजों के एक और अनुशासित प्रदर्शन से भारत ने गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड को रोमांचक मैच में चार रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में जीत की हैट्रिक पूरी करने के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। सोलह वर्षीय शेफाली ने 34 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 133 रन पर ही पहुंच पाई।

भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि फिर से अपेक्षाकृत कम स्कोर का अच्छा बचाव किया और एमिलिया केर (19 गेंदों पर नाबाद 34 रन) के अंतिम क्षणों के धमाल के बावजूद




न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। भारतीय टीम की यह लगातार तीसरी जीत है। उसने इससे पहले मौजूदा चौंपियन ऑस्ट्रेलिया को 17 रन और बांग्लादेश को 18 रन से हराया। भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है और वह सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है। भारतीय टीम अपना आखिरी मैच शनिवार को श्रीलंका से खेलेगी। भारत ने स्पिनरों ने शुरुआत दिलाई लेकिन दीप्ति शर्मा के ओवर में 12 रन बन गए जिसमें सलामी बल्लेबाज राचेल प्रीस्ट (12) के दो चौके शामिल हैं। अनुभवी शिखा पांडे ने हालांकि प्रीस्ट को अगले ओवर में आउट कर दिया। शिखा और बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज खुलकर नहीं पाईं। दीप्ति ने अपने दूसरे स्पैल में सूजी बेट्स (छह) को बोल्ड किया। इसके बाद पूनम यादव और राधा यादव ने कीवी टीम पर दबाव बना दिया। पूनम ने कप्तान सोफी डिवाइन (14) को आउट करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी। मैडी ग्रीन (24) और केटी मार्टिन (25) ने 36 गेंदों पर 43 रन की साझेदारी करके टीम को इन झटकों से उबारने का प्रयास किया। गायकवाड़ ने हालांकि ग्रीन को पविलियन भेज दिया जबकि राधा ने मार्टिन को आउट करके स्कोर पांच विकेट पर 90 रन कर दिया।

भारतीय टीम ने हालांकि 43 रन के अंदर छह विकेट गंवाए जिससे वह इस इस शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाई। राधा यादव ने अंतिम क्षणों में नौ गेंदों पर एक छक्के की मदद से 14 रन बनाए जबकि शिखा पांडे 14 गेंदों पर दस रन बनाकर नाबाद रही। शेफाली को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

# आगे के मैचों में बचकानी गलतियां नहीं कर सकतेः हरमनप्रीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अपने बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहने पर नाखुश दिखीं। हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप के बड़े मैचों से पहले बचकानी गलतियां करने से बचने के प्रति आगाह किया। भारत का मध्यक्रम लगातार अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहा है।

वर्ल्ड कप अभियान में जुटी टीम इंडिया ने आज अपने तीसरे लीग मैच में न्यूजीलैंड को हरा अपनी जीत की हैटट्रिक पूरी की। इस मैच में भारत ने न्यूजीलैंड पर 4 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद हरमनप्रीत ने कहा,




टीम जीत दर्ज कर रही है लेकिन फिर भी हम पहले 10 ओवर अच्छे गुजरने के बाद वही गलतियां कर रहे हैं। हमें अच्छी शुरुआत मिलती है लेकिन हम उस लय को बरकरार नहीं रख पाते। उन्होंने कहा, आगे के मैच अधिक कड़े होंगे और हम बचकानी गलतियां नहीं कर सकते। शेफाली (वर्मा) हमें अच्छी शुरुआत दे रही हैं। उनके शुरू में बनाए गए रन हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। 16 वर्षीय शेफाली ने 34 गेंदों पर 46 रन बनाए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

शेफाली ने कहा, अच्छा लग रहा है। अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। लगातार ऐसा प्रदर्शन करना चाहती हूं। मैंने ढीली गेंदों का इंतजार किया और उन पर बड़े शॉट खेले। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपने गेंदबाजों की तारीफ की जिन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। उन्होंने कहा, हमने शेफाली की अच्छी शुरुआत के बाद उन्हें कम स्कोर पर रोककर अच्छा प्रदर्शन किया। जिस तरह से टीम जीत के करीब पहुंची वह शानदार था। एमिलिया केर ने बहुत अच्छी भूमिका निभाई।

## सिक्योरिटी गार्ड के साथ जेमिमा रोड्रिग्स का डांस, फैन्स कर रहे पसंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अपने पहले टी20 वर्ल्ड कप खिताब की खोज में ऑस्ट्रेलिया गई महिला टीम इंडिया की स्थिति मौजूदा टूर्नामेंट मजबूत दिख रही है। टीम इंडिया ने लीग स्टेज में जीत की हैट्रिक जमाकर वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में सबसे पहले अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत ने आज न्यूजीलैंड को 3 रन से मात दी। इससे पहले टीम इंडिया ने डिफेन्डिंग चौंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर अपने वर्ल्ड कप मिशन का आगाज किया था। इसके बाद टीम ने बांग्लादेश को भी मात दी थी। गुरुवार को न्यू जीलैंड से अपना मैच खेलने टीम इंडिया जब मैदान जाने की तैयारी कर रही थी, तो उसकी स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स कूल अंदाज में सिक्यॉरिटी गार्ड संग डांस करती हुई दिखाई दीं।

जेमिमा मस्ती करें भी क्यों न, आखिर उनकी टीम इस वर्ल्ड कप में लगातार हिट जो हो रही है। दरअसल जेमिमा जब मैदान पर एंट्री कर रही थीं तो वहां एक बॉलिवुड सॉन्ग बज रहा था और स्टेडियम में रास्ते से एक महिला सुरक्षा गार्ड अपनी ड्यूटी ऑफ कर लौट रही थी। जेमिमा और उस सुरक्षा गार्ड ने यहीं डांस करना शुरू कर दिया।

## न्यूज डायरी



### हम विराट कोहली को रोकने के लिए तैयारः टॉम लाथम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम ने कहा है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली को एक बार फिर से रोकने के लिए उनकी टीम ने खास रणनीति तैयार की है। कोहली न्यूजीलैंड दौरे पर अपने खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और उन्होंने दौरे के 9 पारियों में अब तक केवल 201 रन ही बनाए हैं। भारतीय कप्तान पहले टेस्ट में भी केवल 2 और 19 रन ही बना पाए थे। भारत और न्यूजीलैंड को दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच शनिवार से यहां खेलना है। लाथम ने गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, श्मुझे लगता है कि जब विराट बल्लेबाजी करने के लिए निकलेंगे, तो हम तैयार होंगे। वह एक गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ी हैं और यही कारण है कि वह लंबे समय से नंबर वन रैंक के बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक ऐसा किया है और सभी परिस्थितियों में किया है।

### हम सही समय पर लय में आयेंगेः महिला हाकी टीम की ड्रैगफ्लिकर गुरजीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरू। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला हाकी टीम हर दौरे के साथ धीरे धीरे सुधार कर रही है और रानी की अगुआई वाली टीम तोक्यो ओलंपिक के दौरान सही समय पर लय में आयेगी। गुरजीत ने कहा, ''हमारे दौरे और मैचों की योजना इस तरह से बनायी गयी है कि हम सही समय पर लय में आयें और हमारा प्रदर्शन धीरे धीरे सुधर रहा है।'' पिछले साल टीम ने 2020 ओलंपिक का टिकट कटाया जबकि स्पेन, आयरलैंड, जापान, चीन और कोरिया जैसी मजबूत टीमों पर जीत हासिल की। न्यूजीलैंड दौरे पर भारत ने घरेलू टीम की डेवलपमेंट टीम, सीनियर टीम और ब्रिटेन पर जीत हासिल की। गुरजीत ने कहा, ''न्यूजीलैंड दौरे में हम जिस तरीके से खेले, हम अपने प्रदर्शन में सुधार को महसूस कर सकते थे। हमने उनके खिलाफ बड़ी जीत हासिल कीं। हमारे कोचिंग स्टाफ ने हमारे लिये जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं, हम उन्हें हासिल करने की ओर काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हम सही समय पर लय में आने की राह पर हैं।''

### जर्मनी और पोलैंड में होने वाले ओलंपिक बैडमिंटन क्वालीफायर्स स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कुआलालंपुर। कोरोना वायरस के कारण जर्मन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट अगले सप्ताह नहीं हो पाएगा जबकि पोलिश ओपन को स्थगित कर दिया गया है। ये दोनों ओलंपिक क्वालीफाईंग प्रतियोगिता थीं। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को कहा कि अभी यह तय नहीं किया गया है कि पूर्व कार्यक्रम के अनुसार तीन से आठ मार्च के बीच होने वाले जर्मन ओपन को स्थगित या रद्द कर दिया जाएगा। पोलिश ओपन के लिये नयी तिथियां मांगी जा रही हैं जिसका आयोजन पूर्व कार्यक्रम के अनुसार 26 से 29 मार्च के बीच होना था। लेकिन अब ये प्रतियोगिताएं तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाईंग अवधि में नहीं आ पाएंगी। बयान में कहा गया है, ''बीडब्ल्यूएफ कोरोना वायरस के आधिकारिक अपडेट पर लगातार निगरानी रख रहा है और अभी एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर या बीडब्ल्यूएफ से मान्यता प्राप्त अन्य टूर्नामेंट में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है।

### नडाल अकापुल्को टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लास एंजिलिस। विश्व के नंबर दो खिलाड़ी राफेल नडाल ने सर्बियाई युवा मियोमीर केसमैनोविच को हराकर एटीपी मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेनिश खिलाड़ी ने 20 विनर लगाये और फिर से शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की अपनी उम्मीदों पर जीवंत रखा। उन्होंने अकापुल्को हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में 20 वर्षीय केसमैनोविच को 6–2, 7–5 से हराया। नडाल का अगला मुकाबला दक्षिण कोरिया के कियोन सून वू से होगा जिन्होंने आठवीं वरीय डुसान लाजोविच को 7–6 (7ध्2), 6–0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल के अन्य मुकाबलों में तीसरी वरीयता प्राप्त स्टैन वावरिंका का ग्रिगोर दिमित्रोव से, टेलर फ्रिट्ज का काइल एडमंड से और पांचवीं वरीयता प्राप्त जॉन इसनर का क्वालीफायर टॉमी पॉल से सामना होगा।